भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की छठी राज्य रैली प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

12 अक्तूबर, 2023 को भोपाल के हबीबगंज रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान में पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित छठवीं राज्य रैली प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता की शुरुआत 09 अक्तूबर को हुई थी।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता में गायन, वादन, नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य, रंगोली, प्रदर्शनी, पिरमिड, मार्चपास्ट जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इस रैली में जबलपुर, कोटा, भोपाल से लगभग 385 प्रतिभागी भाग लेने पहुँचे थे।
- इस प्रतियोगिता में राज्य मुख्य आयुक्त शील्ड सर्वाधिक सेंसेस वाले मंडल जबलपुर को दी गई।
- कोटा रेल मंडल ने बाजी मारते हुए सभी 20 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लेकर ओवरऑल चैंपियन शील्ड जीती। भोपाल मंडल को द्वितीय व जबलपुर मंडल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- राज्य पुरस्कार प्रमाण-पत्र चार प्रतिभागियों- अंस करमारकर, आस्था करमारकर, अंजली नेगी और सोनम असीम को प्रदान किया गया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sixth-state-rally-competition-of-bharat-scouts-and-guides